आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.06.2024 समय : 07.10 चउ

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को किया संबोधित, कहा पेपर लीक के निष्पक्ष जांच के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री ने नागरिकता संषोधन अधिनियम के तहत तीन आवेदकों को भारतीय नागरिकता के दिये प्रमाण–पत्र।
- महिला एवं बाल विकास सषक्तिकरण के लिए भोपाल में दो दिवसीय कार्यषाला का शुभारंभ।
- अब से कुछ देर बाद टी–20 क्रिकेट विष्वकप के दूसरे सेमीफायनल में भारत और इग्लैण्ड के बीच मुकाबला।

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए देश भर में ठोस कदम उठाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा.संबंधित निकायोंए उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जम्मू.कश्मीर ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज कर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार के कदमों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केंद्र विनिर्माणए सेवाओं और कृषि को समान महत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर पर्यटन और स्वास्थ्य से लेकर वेलनेस तक हर क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभर रहा है और इससे बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

नागरिकता संशोधन अधिनियम (ब्।।द्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नागरिकता संशोधन अधिनियम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के प्रथम तीन आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि भविष्य की दो नई पीढ़ियां मध्यप्रदेश का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी कठिनाई का निराकरण कर ऐसा रिश्ता पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है जो अखंड भारत की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारे परिवार के लोग अपने पास आ रहे हैं।

महिला बाल विकास

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिये आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का भोपाल में शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला बाल विकास विभाग उस वर्ग के लिये नीति बनाने का कार्य करने जा रहा है जो आधी आबादी है। इसमें सभी विभागों के सहयोग से ऐसी महिला नीति को धरातल पर लेकर आना है जो अन्य राज्यों के लिये प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार ने भी महिलाओं के स्वास्थ्यए शिक्षाए सुरक्षा के लिये विभिन्न योजनाएँ बनाई है। महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी दृष्टिकोण है जिसमें आर्थिकए सामाजिकए राजनैतिकए विधिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं का समावेश है। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्री संजय शुक्ला ने कहा कि सशक्तिकरण के कई घटक है जैसे शिक्षाए सुरक्षाए स्वास्थ्यए कानून आदि। नीति में महिलाओं के मानव अधिकारए उनकी भागीदारीए हिंसा जैसी कुरीतियों को कैसे दूर किया जा सकता हैए उसका समावेश हो।

सीबीआई नीट गिरफ्तार

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट.यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों आरोपीयों को बिहार के पटना से हिरासत में लिया गया। नीट.यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले की अधिकारिक तौर पर सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई के कार्यालय पहुंची और इस मामले में जांच शुरू की।

5 वीं 8 वीं परिणाम

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुन: परीक्षाओं का परिणाम कल घोषित किया जायेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा परीक्षा परिणाम अपरान्ह 4 बजे परीक्षा पोर्टल पर जारी किया जायेगा। इसे राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर देखा जा सकेगा। इसी पोर्टल पर शिक्षकए संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। पॉचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन 3 से 8 जून के दौरान किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीयए अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 31 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 1 लाख 63 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।

## मौसम

प्रदेश में इन दिनों आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, गुना, अशोकनगर, विदिशा और नर्मदापुरम जिलों में आंधी चलने और बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत प्रदेश के कई जिलों में भी आंधी और गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी।

आज सुबह बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से निवाड़ी और विदिशा जिले में तीन लोगों की मौत हो गईए जबकि पांच लोग झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसारए निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदेरी टोरिया में सुबह करीब 6 बजे यह हादसा हुआ। वहींए विदिशा जिले के ग्राम हाटखेड़ा में खेत में कल रात तेज बारिश के दौरान एक पेड़ पर बिजली गिर गई। पेड़ के नीचे खड़े बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि एक बालक झुलस गया।

टी20 क्रिकेट विश्व कप. सेमीफाइनल

दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी.20 क्रिकेट विश्व कप के फायनल में पहुंच गया है। आज त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में उसने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया।

दूसरे सेमीफाइनल में भारत आज शाम गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा है। यह मैच रात 8 बजे शुरू होगा। विश्वकप का फाइनल मुकाबला शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जायेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- देवास जिले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के लिए विकासखंडवार शिविर आयोजित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत 03 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं शासन द्वारा निर्धारित गांरटी शुल्क की प्रतिपूर्ति की पात्रता रहेगी।
- खण्डवा में 11 जुलाई को ष्विश्व जनसंख्या दिवसष् के अवसर आज से 11 अगस्त तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान मनाया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल व डॉ. रामदास बाकोरिया ने आज इस संबंध में जनजागरूकता ष्सारथी रथष् को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ विभिन्न ग्रामों व वार्डों में जाकर परिवार नियोजन
- जिला कलेक्टर भोपाल के अशासकीय स्कूलों के विरूद्ध फीस अधिनियम 2017 का पालन न करने के कारण पालकों से नियम विरूद्व शुल्क को वापस करने का आदेश जारी किया गया है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण फैसले, अब मंत्रिगण स्वयं वहन करेंगे अपना इनकम टैक्स।
- ओम बिरला होंगे एनडीए के लोकसभा अध्यक्ष पद के उम्मीद्वार, विपक्ष ने भी उतारा अपना उम्मीद्वार।
- प्रदेष में दस्तक सह–स्टॉप डायरिया अभियान की शुरूआत, घर–घर जाकर होगी बच्चों की जांच।

और

- प्रदेष में इन्दौर, झाबुआ सहित 6 जिलों में भारी बारिष का आरेंज अलर्ट जारी।

नमस्कार।

--------------------